एक नजर में

पिछले 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 30.25 मि.मी. वर्षा दर्ज

रतलाम। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 30 .25 मि .मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें जावरा में 64 मि .मी., ताल में 1 मि .मी., पिपलोदा में 72 मि .मी, बाजना में 14 मि .मी, रतलाम में 12 मि .मी., रावटी में 18 मि .मी और सैलाना में 61 मि .मी वर्षा दर्ज की गई है ।01 जून से लेकर आज दिनांक तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 669 .75 मि .मी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने सफाई मित्रों को किया रैनकोट का वितरण

रतलाम । महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम के सफाई मित्रों को निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने रैनकोट का वितरण किया ताकि वर्षा ऋतु में सफाई का कार्य नियमित रूप से हो सके। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों से आव्हान किया कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पुरी निष्ठा व ईमानदारी से कर रतलाम नगर को स्वच्छ बनायें। इस अवसर पर नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी विशाल शर्मा, महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी, रामूभाई डाबी, प्रभारी स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी, झोन प्रभारी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित थे।

श्री अरिहंत कॉलेज में मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

रतलाम। श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एज्युकेशन, रतलाम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा और पुष्प अर्पित करने और पारंपरिक झूले की रस्म के साथ हुई। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक विकास कोठारी, उपाध्यक्ष अनिल जैन, गुरु हरिकिशन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ .किरण पाटिल, वाइस प्रिंसिपल डॉ .नितिन राव चव्हाण, प्रशासक डॉ. आनंद त्रिवेदी, समस्त विभागों के प्रमुख, प्राध्यापक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। वाइस प्रिंसिपल डॉ. नितिन राव चव्हाण ने स्वागत भाषण दिया और जन्माष्टमी के महत्व और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रशासक डॉ. आनंद त्रिवेदी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और हमारे दैनिक जीवन में भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करने के महत्व पर जोर दिया। छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग प्रतियोगिता रखी गई, विद्यार्थियों ने मटकी फोड़ और दही हांडी की प्रतियोगिता में उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को श्री विकास कोठारी एवं श्री अनिल जैन द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसादी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

पर्यूषण पर्व पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 20 अगस्त को पर्यूषण पर्व पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

छात्रावास की 35 छात्राएं बीमार, स्वास्थ्य केन्द्र पर कराया भर्ती

नवभारत न्यूज

रतलाम। एकलव्य बालिका छात्रावास की 35 छात्राओ को बीमार होने पर स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराना पड़ा। छात्राओं को सर्दी, खांसी, बुखार सहित अन्य समस्याएं थी। वहीं 22 बालिकाओं का इलाज किया जा रहा हैं।

बालिकाओं को सर्दी, खांसी, बुखार की समस्या

एकलव्य बालिका छात्रावास की छात्राओं को सोमवार को अचानक घबराहट होने लगी। बैचेनी के साथ तेज बुखार व पैर दर्द होने लगा। कुछ छात्राओं को उल्टी होने लगी। इसके बाद 35 छात्राओं को बाजना अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार अंजली (15)पिता रामलाल, बाजू (11) पिता भूरिया, शोभा (12) पिता हेमराज, सपना (14) पिता पंजालाल, मनीष (12) पिता राहुल, पूजा (15) पिता रमेश, सविता (15) पिता लालु, सोम्य (12) पिता रामदेव, मनीषा(15)पिता लक्ष्मण, ज्योति (15)पिता जगदीश, वर्षा (13) पिता सुखलाल, लक्ष्मी (12)पिता ईश्वरलाल, अंजली (12) पिता सुखराम, अक्षिता (15) पिता मगन, सिमरन (11)पिता लक्ष्मण, अनुष्का (12)पिता प्रेमसिंह, पूजा (15) पिता भालु, अंगुरी (14)पिता रूपजी, रेखा (16) पिता मोहन, माधुरी (13) पिता प्रेम, वर्षा (16)पिता लाला, आरती (12)पिता गुड्डू, काजल (12)पिता कांतिलाल, काजल (14)पिता देवीलाल मोनिका (13)पिता नानापाल, सविता (15)पिता भानसिंह, बबली (13), किरण (12)पिता गौतम, शिवानी (14)पिता धीरज, सुन्दर (15)पिता दिनेश, खुशबू (15)पिता रमेश, सोनू (12)पिता कालूसिंह, शिवानी (12)पिता महेन्द्र सहित अन्य छात्राएं बीमार हो गई थी। बालिकाओं के बीमार होने की सूचना मिलते ही तत्काल कलेक्टर राजेश बाथम ने सीएमएचओ डॉ. संध्या बेलासरे एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह को उपचार की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे ने बताया कि एकलव्य बालिका छात्रावास बाजना मे 10-15 साल की बालिकाओं को सर्दी, खांसी, बुखार के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में 22 बालिकाओं को भर्ती कर लक्षण के आधार पर उपचार किया गया। जिसमें हाई ग्रेड फीवर(बुखार) के कारण 9 बालिकाओं को मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया, उनका उपचार किया जा रहा है।

बालिकाओं को हेल्थ चेकअप कर उपचार किया जा रहा : सीएमएचओ

सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसरे, एस डी एम मनीष जैन, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर जीवन चौहान मेडिकल स्पेशलिस्ट, एम डी पेडियाट्रिक स्पेशलिस्ट डॉक्टर अटल चौधरी, एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉक्टर गौरव बोरीवाल मौके पर पहुंचे, जिला रतलाम की टीम ने उपस्थित होकर सभी बालिकाओं का हेल्थ चेकअप एवं उपचार किया। प्राइमरी लेवल पर बीएमओ डॉक्टर जितेंद्र जायसवाल, डॉक्टर संजीव कुमार वर्मा, डॉ. पवन कुमावत द्वारा आवश्यक उपचार किया गया।

पुलिस की आरो स्पा सेंटर पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

रतलाम। अवैध गतिविधियों में लिप्तता की आशंका के चलते न्यू रोड स्थित स्पा सेंटर पर दबिश के दौरान पुलिस को वहां से आपत्तिजनक सामग्री भी हाथ लगी। पुलिस द्वारा इसकी पुख्ता जांच व पूछताछ के बाद सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है।

आपत्तिजनक सामग्री मिली, जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई

बीती रात न्यू रोड स्थित ओरा थाई स्पा पर अनैतिक गतिविधियों की आशंका के चलते पुलिस टीम में शामिल 3 निरीक्षक, एक सब इंस्पेक्टर सहित दर्जन भर पुलिस महिला एवं जवान पहुंचे थे। उन्होंने वहां काम करने वाले स्टॉफ से पूछताछ की। मौके पर 3 लड़कियां काम करती पाई गई। इसके साथ ही स्पा सेंटर के कमरों की चैंकिंग की गई। मेंटेन रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेज भी जांचे। टीम के द्वारा पंचनामा भी बनाया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच में स्पा सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री जैसे कुछ टेबलेट तथा कंडोम भी पाए गए है। इसे भी पुलिस ने संज्ञान में लिया है। इसकी पूछताछ कर स्पा संचालक के खिलाफ कार्रवाई भी संभव है। जांच टीम में औद्योगिक थाना प्रभारी ने गायत्री सोनी, निरीक्षक रेखा चौधरी, पार्वती गौड, सब इंस्पेक्टर राजश्री सिसोदिया, साइबर सेल प्रभारी मयंक व्यास, पिंटू विश्वकर्मा, गौरव, राणा प्रताप, जितेंद्र चौधरी, किशन वर्मा, गीतांजलि जोशी सहित बल मौजूद था।

गीता मंदिर पर अजा एकादशी का संकीर्तन

रतलाम। गीता मंदिर महिला मंडल द्वारा मंगलवार को गीता मंदिर पर एकादशी संकीर्तन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक रखा गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार, अजा एकादशी का व्रत भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी को किया जाता है। इसे अजा या अन्नदा एकादशी भी कहा जाता है। शास्त्रों में इसके अनेक महत्व और लाभ बताए गए हैं।भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को कहा था कि अजा एकादशी का व्रत करने से सहस्त्र अश्वमेध यज्ञ और सौ राजसूय यज्ञ के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। पं.गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी । गिरधर मेरे मौसम आया, धरती के श्रृंगार का। डाल डाल पर लग गए झूले बरसे रंग बाहर का।। उमड घूमड काली घटा, शोर मचाती है। स्वागत में तेरे सांवरा, जल बरसती है। जैसे भजन किये गये। मंदिर की साज सज्जा पुष्प मालाओं से की गई।

10 दिवसीय होगा कालिका माता नवरात्री मेला

नवभारत न्यूज

रतलाम। महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत बीएलसी घटक के में दावा आपत्ति उपरांत पात्र पाये गये 84 हितग्राहियों की अंतिम सूची को महापौर परिषद ने अनुमोदन प्रदान कर सूची जिला कलेक्टर रतलाम को प्रेषित किये जाने के स्वीकृति प्रदान की। सूची जिला कलेक्टर रतलाम को प्रेषित किये जाने के स्वीकृति प्रदान की। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अर्न्तगत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 1 एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई।

जनहितैपी प्रस्तावों को दी महापौर परिषद ने स्वीकृति

आयोजित महापौर परिषद की बैठक में नगर निगम द्वारा 31 अगस्त से 2 सितम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय श्री सत्यवीर तेजाजी मेला व 23 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किये जाने वाले 10 दिवसीय श्री कालिका नवरात्री मेले में प्रतिदिन रात्रि में नागरिकों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निगम के सांस्कृतिक मंच पर उच्च स्तरीय गरीमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाये जाने तथा मेले की अन्य विभिन्न व्यवस्थाऐं करवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महापौर के अलावा एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त अनिल भाना, उपायुक्त करूणेश डण्डोतिया, कार्यपालन यंत्री महेश सिरोहिया, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी मौजूद रहे।

स्टेशन के वेटिंग एरिया में गमलों से डेकोरेटिव किया

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा स्टेशन परिसर को हरित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में इनरव्हील क्लब रतलाम के सहयोग से रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर ओपन वेटिंग एरिया में 30 गमलों में डेकोरेटिव पौधे लगाये गये। इस पहल से स्टेशन को ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार द्वारा गमलों में पौधारोपन कर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर इनरव्हील क्लब रतलाम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें यात्रियों को स्वच्छ, हरित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करती हैं। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष बबीता श्रीवास्तव सहित क्लब की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। विशेष रूप से गमलों को आकर्षक बनाने के लिए विद्यालय के बच्चों द्वारा इन पर आकर्षक चित्रकारी की गई। मंडल रेल प्रबंधक सृजनात्मकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया।

एएनसी विजिट की जांच गलत चढ़ाई, नहीं मिल रहा योजना का लाभ

नवभारत न्यूज

रतलाम। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर राजेश बाथम, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 65 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में 65 आवेदन पर हुई सुनवाई

आवेदक जुझारलाल पाटीदार निवासी ग्राम रणायरा तह. आलोट ने बताया कि मेरी पत्नी मेघा पाटीदार को जिला चिकित्सालय में प्रसव हुआ था, प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई है। उप स्वास्थ केंद्र रणायरा के सीएचओ द्वारा एएनसी विजिट की जांच गलत चढ़ाये जाने के कारण प्रसव पोर्टल पर अभी तक अपडेट नहीं हुआ। कार्यवाही हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक राघुसिंह पिता करन सिंह निवासी भावगढ़ तह. आलोट ने बताया कि मुझे दो वर्षों से प्रधानमंत्री सम्मान निधि की किश्त नहीं मिल रहीं है। मेरे द्वारा कई बार शिकायत की गई है पर अब तक उसका समाधान नहीं हुआ है। कार्यवाही हेतु तहसीलदार आलोट को निर्देशित किया गया।

आवेदक मोना पिता स्व. प्रदीप नाहर निवासी रतलाम ने बताया कि मेरी माताजी श्रीमती अनिता पति स्व. प्रदीप नाहर की अचानक पूरे शरीर में नर्व सिस्टम बंद होने से पूरा शरीर शिथिल हो गया है जिसके इलाज हेतु रिश्तेदारों से मदद लेकर बड़ोदा में भर्ती करवाया। उपचार उपरांत ठीक न होने के कारण मैंने अपनी माताजी को अपने घर रतलाम ले आई। माताजी के निरंतर उपचार से काफी राशि खर्च हो चुंकि है। मेरे पिता न होने के कारण कोई और कमाने वाला नहीं है, जिससे आर्थिक परेशानी होने के कारण ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करे। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

लायंस क्लब को मिली मोबाइल मेडिकल वेन

नवभारत न्यूज

जावरा । सेवा कार्य में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहे लायंस क्लब के लिए बड़ा गौरव का विषय है कि संस्था के द्वारा चलाए जा रहे लायंस नेत्र चिकित्सालय के सेवा कार्यो को से अभिभूत होकर पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर एमजेएफ लायन अरुणा ओसवाल ने अरुणा अभय ओसवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मोबाइल मेडिकल वेन संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को भारतीय परंपरा के अनुसार वेन की कंकू चावल से पूजा पाठ कर गाड़ी की चाबी दिल्ली उनके ऑफिस अंतरिक्ष भवन पर भेंट करते हुए कहा मानव सेवा से बड़ी ओर कोई सेवा नहीं ओर उनके ट्रस्ट के इस उद्देश्य को क्लब पूर्ण संकल्पित भाव से कर रहा है।

इसके पूर्व क्लब अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट एवं संस्था के पदाधिकारियों ने गुलदस्ते ओर माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस वर्ष के सेवा कार्यों की जानकारी से अवगत कराते हुए क्षेत्र की जनता में बल्ड बैंक की महत्ती आवश्यकता है। जिसके कारण शहर के साथ 180 गांव के ग्रामीण लोगों को लाभ मिलेगा इस पर चर्चा की।

नशे मे गिरे युवक का चेहरा और गर्दन कुत्तो ने नोच डाला, हुई मौत

जावरा । शहर में कुत्तों की तादात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ये कुत्ते दिन में सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं तो वहीं रात के समय इनकी आजादी देर रात काम से लौटने वाले राहगीरों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। ऐसी ही एक घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात बस स्टेंड पर घटित हुई। 30 वर्षिय एक युवक का चेहरा और गला कुत्तो ने नोच डाला है। एक महिला सफाई कर्मचारी ने सुबह करीब 5 बजकर 15 मिनिट पर यह दृश्य देखा तो बस स्टेंड पर मौजुद पेपर वितरत को सुचना दी। कुछ ही देर मे शहर थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादोन टीम के साथ मौके पर पहुचें। मौके से साक्ष्य उठाए और शव को सिविल अस्पताल पीएम के लिए पहुचायां। सुबह 8 बजे एफएसएल जिला अधिकारी डा. अतुल मित्तल भी मौके पर पहुचे और जांच पडताल की।दरअसल 30 वर्षिय पप्पु पिता पुनमचंद्र बागरी माताजी बडायला निवासी है और कुछ वर्षो से अपने ससुराल अरनियापिथा गांव मे रह रहा था। पप्पु जावरा मे मजदुरी का कार्य करता था और नशे का आदी था। रात 1.30 बजे गस्त के दौरान चिताफोर्स को पप्पु बस स्टेंड पर मिला तो उसका नाम पता पुछा और रात 1.30 बजे उसका फोटो खिंचकर चले गए। इधर सुबह घटना के बाद सीसी केमरे चेक किये तो पप्पु बस स्टेंड पर सोया था और टायलेट करने के लिए उठा तो कुछ दुरी पर जाकर गिर गया। जिसके चलते चेहरे पर चौट आई और ब्लड निकलता देख कुत्तो ने चेहरा और गर्दन नोच डाली। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पीडित राहगीरों ने शहर के अंदर बढ़ती कुत्तों की संख्या पर चिंता जाहिर की।

गिरने से चेहरे पर आई थी चोट, ब्लड देख कुत्तो ने किया हमला

तपस्वियों का सीनियर सिटीजन ने किया बहुमान

जावरा। स्थानीय जैन मंदिर पोषधशाला में चार्तुमास हैतू विराजित महासती डॉ अमृतरसा आदि ठाणा तीन की निश्रा में चल रहे चार्तुमास में तपस्या का ठाट लगा हुआ है। विशेष कर सिद्धि महातप की तपस्या में होड लगी हुई है। मंदिर मार्गी तो है ही किन्तु श्रमण संघीय स्थानकवासी श्रीसंघ आदि सभी में महासती डॉ अमृततरसा के अमृतमय प्रवचनों से क्या पुरूष क्या महिलाए क्या युवक क्या युवतिया और इनसे भी ज्यादा 8 साल से लगाकर 15 साल के बालक बालिकाओं में सिद्धि महातप करने के प्रति जबरदस्त उत्साह है। लगभग 208 के लगभग सिद्धि महातप की तपस्या चल रही जो पर्यूषण महापर्व एवं अंतिम दिन संवत्सरी के महा प्रतिक्रमण एवं क्षमायाचना मिच्छामि दुक्कडम के साथ 28 अगस्त को समाप्त होगा। जिसमें 208 सिद्धि महातप के तपस्वियों के लगभग 36 उपवास की तपस्या पूर्ण होकर सामूहिक पारणे होंगे।जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष नवनित श्रीमाल, सचिव अशोक ओरा, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीमाल के नेतृत्व में ग्रुप के महावीर डांगी, राकेश मेहता, प्रदीप कोठारी,आदि थे।

आठ दिनों में हमें धर्म आराधना कर कर्मो की अवश्य करना चाहिए निर्जरा

जावरा। जैन धर्म का महापर्व पर्वाधीराज पर्युषण महापर्व आज से प्रारंभ होगा। जैन समाज में अती उत्साह का वातावरण है। साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसा श्रीजी की .पावन निश्रा मे धर्म गंगा बह रही है। साध्वीजी भगवंत ने कहा कि हम पूरे वर्ष भर भले ही कुछ न करे लेकिन पर्यूषण के इन आठ दिनों में हमे धर्म आराधना कर अपने कर्मो की निर्जरा अवश्य करना चाहिए। श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन ने बताया कि आठ दिनी पर्यूषण महापर्व जप, तप, धर्म, ध्यान आदि विभिन्न आराधनाओ के साथ मनाया जाएगा। प्रतिदिन मसा के प्रवचन एवं कल्पसूत्र का वाचन होगा। सुबह शाम प्रतिक्रमण व रात मे भक्ति होंगी। श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति सचिव अशोक नवलखा एवं अमित चोरड़िया ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन 24 अगस्त एवं संवत्सरी महापर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा।मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि ..कल सिद्धितप तपस्वियों के सात उपवास के पारणे अंबिका रिसोर्ट में हुए जिसका लाभ लाभार्थी स्वर्गीय पारसमल संदीप, पीयूष दसैडा परिवार ने लिया शाम के बियासने के लाभार्थी वैभव, श्रीपाल, पीयूष मूणत परिवार बडावदा वाले रहे।